राजधानी की सड़क पर आज से दौड़ेगी डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस

- नौ स्टापेज तय, प्रति चक्कर 50 किलोमीटर चलेगी बस

जागरण संवाददाता • लखनऊ : राजधानी में पहली एसी इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस का शनिवार से संचालन शुरू हो रहा है। इस बस का किराया कमता बस स्टेशन से हवाईअड्डा जाने तक 45 रुपये तय हुआ हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सुबह 10 बजे बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। बस का विधिवत संचालन रविवार से होगा।

स्विच मोबिलिटी कंपनी ने 31 अगस्त की शाम महाराष्ट्र से इस बस को मंगवाया था। नगरीय निदेशालय व सिटी बस के अधिकारियों ने सहारा हास्पिटल के सामने विराजखंड में बस का चार्जिंग प्वाइंट बनवाया है। पंजीकरण व बीमा की प्रक्रिया आरटीओ कार्यालय में पूरी की गई है। बस में ऊपर 36 और नीचे के तल पर 30 यात्री बैठ सकेंगे। चार कैमरे अंदर और एक पीछे लगाया गया है। आठ पैनिक बटन सहित अन्य सुविधाएं भी हैं। शहर में इस समय 60 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसों का संचालन हो रहा है। सिटी ट्रांसपोर्ट के प्रबंध निदेशक आरके त्रिपाठी ने बताया कि किराया तय हो गया है।

डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस • जागरण

किराया कमता बस स्टेशन से

कहां तक	दूरी किमी	किराया
हुसड़िया	3.7	20
इकाना स्टेडियम	8.4	25
सूंडा आफिस	8.9	25
अहिमामऊ	9.9	25
अवध शिल्पग्राम	12.6	30
उतरेटिया	17.3	35
रमाबाई मैदान	19.8	40
ट्रांसपोर्ट नगर	24	40
हवाईअड्डा मोड़	25.1	45

हवाईअड्डा मोड़ से किराया

कहां तक	दूरी किमी	किराया
ट्रांसपोर्ट नगर	1.1	12
रमाबाई मैदान	5.3	20
उतरेटिया	7.8	25
अवध शिल्पग्राम	11.3	30
अहिमामऊ	15.2	35
सूडा आफिस	16.2	35
इकाना स्टेडियम	16.7	35
हुसड़िया	21.4	40
कमता बस स्टेशन	25.1	45

आकांक्षा समिति के बच्चे होंगे पहले यात्री : डबल डेकर बस में सबसे पहले यात्री आकांक्षा समिति के बच्चे होंगे। नगरीय परिवहन निदेशालय के संयुक्त निदेशक जयदीप वर्मा ने बताया कि समिति के बच्चे उद्घाटन के बाद इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से 1090 चौराहे तक आएंगे, वहां से वापस प्रतिष्ठान जाएंगे। बस दो चक्कर लगाएगी। अपरान्ह दो बजे से कमता से संचालन शुरू हो सकता है, रविवार से नियमानुसार सुबह से संचालन होगा।